
रविवार
रविवारीय

सन्मार्ग

www.sanmarg.in

हुगली, हल्दिया, खड़गपुर, बर्दवान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा







# आसनसोल दिल्ली पब्लिक स्कूल में विभिन्न विषयों पर लगी प्रदर्शनी



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते स्कूल के प्राचार्य आरडी शर्मा

सन्मार्ग संवाददाता

**आसनसोल :** आसनसोल दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित विज्ञान, सामाजिक विषय, कंप्यूटर, गणित व कला प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल्स प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वे हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में कल्पनाशीलता तथा वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। सामाजिक विषय अंतर्गत क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम, अर्थक्विक अलार्म, लेयर्स ऑफ एट्मोस्फेयर, सांची स्तूप, न्यू पार्लियामेंट, रोमन एंपायर, डीपीएस मॉडल, वॉटर साइकिल, सिटी ऑफ रोम, फिजिकल मैप ऑफ इंडिया, वर्ल्ड मैप, टाइप्स ऑफ फॉरेस्ट, द हिमालय, टाइप्स ऑफ पोल्यूशन आदि को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कंप्यूटर विषय में स्नेक गेम पायथन, ऑटो मेटिक स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट डस्टबिन, वेब पेज डिजाइन ऑफ डीपीएस तथा गणित में मैजिक कलेंडर, जेनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी, रामानुजन मैजिक स्क्वायर तथा नॉन इक्लुडियन ज्यामेट्री जैसे विषयों को प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विज्ञान मॉडल्स में भी काफी बेहतर प्रदर्शनी लगायी गयी। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नवम के छात्र देवदीप संघाई द्वारा निर्मित वर्किंग पीरियोडिक टेबल का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच की सराहना की।